हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

तिथि 17 सितम्बर 2025 समय 18:10

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के धार से राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ किया।
- प्रधान नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में सेवा पखवाड़े का शुभारम्भ किया - रोहतक व कई ज़िलों में स्वास्थ्य एँव रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगतप्रकाश नडडा ने श्री मोदी के जन्मदिवस पर नमो वन का उद्धघाटन किया।
- जींद व पंचकुला सहित विभिन्न ज़िलों में सेवा पर्व के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के धार से राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। उन्होंने मातृ वंदना योजना के तहत 15 लाख से अधिक महिलाओं को वित्तीय सहायता भी हस्तांतरित की।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जाँच कराने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जो भी खरीदें, वह भारत में बना होना चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वो जो भी बेचें, वह अपने देश का होना चाहिए।

एक साधारण शुरुआत से लेकर दुनिया के सबसे प्रभावशाली राजनीतिक हस्तियों में से एक बनने तक, नरेंद्र मोदी का सफ़र असाधारण रहा है। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में, उनके नेतृत्व ने प्रशंसा और जिज्ञासा जगाई है। लेकिन

सुर्खियों और नीतियों से परे, इस पद के पीछे कौन है? और भारत और दुनिया पर उनका क्या प्रभाव पड़ा है? इस विशेष स्टोरी में, हम आपके लिए चुनिंदा प्रतिष्ठित हस्तियों की राय लेकर आए हैं जो नरेंद्र मोदी - एक व्यक्ति और एक प्रधानमंत्री - के बारे में सोचते हैं...

2-कैप्सूल-VC अश्विनी कुमार शर्मा

एक उद्यमी टीवी मोहनदास पई के ये शब्द भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभाव को संक्षेप में प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने बड़ी संख्या में भारतीयों की बुनियादी ज़रूरतों का ध्यान रखा है। वे एक सफल वैश्विक नेता भी रहे हैं। यूरोपीय संसद के पूर्व अध्यक्ष मार्टिन शुल्ज़ ने कहा- प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को दुनिया में एक सम्मानजनक स्थान दिलाया है...

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति में भी कमज़ोर वर्गों के हितों को केंद्र में रखा गया है... नीति थिंक टैंक आरआईएस के राजदूत डॉ. मोहन कुमार ने कहा...

नरेंद्र मोदी का प्रभाव इस तथ्य से प्रेरित है कि वे एक स्व-निर्मित राजनेता हैं। वरिष्ठ पत्रकार शेखर गुप्ता ने इसका सारांश दिया...

प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक सफलता एक दयालु व्यक्ति होने में भी निहित है, जैसा कि गायिका आशा भोसले ने कहा...

टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने एक बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के जबरदस्त फोकस को याद किया...

लेखिका और समाजसेवी सुधा मूर्ति ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वे 75 साल की उम्र में भी मानवता के प्रति कर्तव्य की भावना के साथ एक युवा की तरह काम कर रहे हैं...

नरेंद्र मोदी की कहानी केवल राजनीति से कहीं बढ़कर है; यह भारत के भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण की कहानी है। एक ऐसा दृष्टिकोण जिसने आशा जगाई है, परंपराओं को चुनौती दी है और सपनों को नया रूप दिया है। एक ऐसा

दृष्टिकोण जो भारत के भविष्य की कहानी लिखता रहेगा। अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आज हरियाणा में भी "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" का शुभारंभ हुआ। रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने इस संबंधी एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में "स्वस्थ माँ, सुरक्षित शिशु – मजबूत समाज की नींव" जैसे प्रेरक संदेशों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं की झलक दिखाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री को प्रदेश वासियों की और से जन्म दिवस की बधाई दी।

आज सेवा पखवाड़े की शुरुआत पर विशाल स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रोहतक में स्वच्छता अभियान की शुरुआत भी की गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर रोहतक शहर के सेक्टर- 2 में मियावाकी पद्धति से तैयार किए जा रहे नमो वन का उद्घाटन पौधरोपण के साथ किया। नमो वन के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौलीमौजूद रहे। श्री नड्डा ने मुख्यमंत्री व रोहतक वासियों संग नमो वन में करीब 10 हजार पौधे रोपित किए और सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को हरियाणा के सभी जिलों में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। आज जींद जिले में नागरिक अस्पताल परिसर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने कहा-

4- कृष्ण मिड्ढा –27 सेकंड

पंचकूला में आज सेवा पखवाड़ा के आरंभ पर भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन द्वारा नागरिक अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा की वरिष्ठ नेता बतों कटारिया ने प्रधानमंत्री को जन्म दिवस की बधाई दी ।

स्वच्छता अभियान में शामिल राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा –

स्वच्छता अभियान के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।